## आरक्षक देता रहा सीपीआर, फिर भी नहीं बची जान

- फांसी लगाने वाले व्यक्ति की चल रही थीं सांसें



**सलामतपुर, 29 अप्रैल. राजीवनगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है. पुलिस जांच कर रही है. थाने की डायल 112 एफआरवी 05 पर बुधवार सुबह मिली थी कि एक व्यक्ति ने राजीवनगर स्थितअपने घर में फांसी लगा ली है.**

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने आरक्षक रंजीत धाकड़ और पायलेट मुकेश विश्वकर्मा को भेजा. परिजनों एवं पड़ोसियों की मदद से फांसी पर लटके हरदयाल रायकवार पिता मौजीलाल रायकवार (45) को नीचे उतार लिया था. आरक्षक रंजीत धाकड़ ने देखा कि हरदयाल की धड़कन चल रही है, उन्होंने तत्काल हरदयाल को डायल 112 में लिटाकर आठ किलोमीटर तक रेगुलर सीपीआर देते हुए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया. भर्ती कराते समय भी हरदयाल की सांसें चल रही थीं. बाद में हालत बिगड़ने पर सांची सिविल अस्पताल से हरदयाल को विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया. जहां उसकी मौत हो गई. दोपहर के समय पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है. घटना का कारण फिलहाल अज्ञात है.

हरदयाल रायकवार सलामतपुर में विकास बिल्लोरे की हार्डवेयर दुकान पर काम करता था. उसकी 4 लड़कियां हैं. जिनमें से 2 लड़कियों की शादी हो चुकी है. और 2 लड़कियां उसकी पत्नी प्रति रायकवार के साथ रिश्तेदारी में 3 दिन पहले शादी समारोह में शामिल होने मंडीबामोरा गई हुईं थीं. बुधवार को हरदयाल घर पर अकेला था. किसी अज्ञात कारणों के चलते उसने घर की छत पर लगे कुंदों में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. सुबह 9 साढ़े नो बजे उसकी बड़ी लड़की खुशबू रायकवार जिसकी शादी राजीवनगर में ही हुई है. अपने पिता के घर कुकर मांगने पहुंची तो देखा कि उसके पापा हरदयाल फांसी पर लटके हुए थे.

### पत्नी से विवाद के बाद ससुराल में पति ने लगाई

**बेगमगंज , 29 अप्रैल.** पत्नी से विवाद के बाद ससुराल में पति ने फांसी लगाकर आत्मत्या कर ली. जानकारी के अनुसार ग्राम आमखेड़ा सांची निवासी विजय रावत ( 22 ) 3 दिन पहले अपनी ससुराल ग्राम बेरखेड़ी जोरावर बेगमगंज पत्नी एवं बच्चों को लेने आया था.

बुधवार सुबह पत्नी एवं 3 वर्ष एवं एक वर्ष की दो बेटियों को ले जाने की तैयारी कर ली थी. इतने में उसकी पत्नी रामदेवी आदिवासी ने कहा कि उसकी 3 वर्षीय बड़ी बेटी को आंगनबाड़ी केंद्र पर टीका लगवा कर आती है, तो तब पति विजय ने कहा ठीक है लगवा आओ फिर चलेंगे. पत्नी रामदेवी अपनी मां को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र चली गई और जब लौट कर आई तो देखा कि घर के अंदर कमरे में उसका पति विजय रावत फांसी के फंदे पर झूल रहा है. इसकी सूचना उसने अपने दादा रघुवीर को दी. जिन्होंने ग्राम चौकीदार के माध्यम से पुलिस को सूचना दी.मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराकर आमखेड़ा सांची से आए मृतक के परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.

मृतक के दादा ससुर रघुवीर आदिवासी ने बताया कि रात में उसने दामाद विजय के साथ भोजन किया था. कोई बात नहीं थी तब हंसी-खुशी बच्चों को ले जाने की बात होने के बाद सुबह भेजने की तैयारी हो गई थी . इधर मृतक के मोबाइल में आत्महत्या के कारण का मैसेज मिला है जिसमें उसने लिखा है कि मेरी मौत का जिम्मेदार मेरी पत्नी रामदेवी और उसका परिवार है .पुलिस ने मोबाइल जब्त करके कॉल डिटेल ओर मैसेज डिटेल निकलवा रही है.

## फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए निकाले, काम हुए नहीं

- ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा
- प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग

**सिलवानी, 29 अप्रैल. ग्राम पंचायत पड़रिया खुर्द में विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं और लाखों रुपये के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. मंगलवार को ग्राम देनी सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में पदस्थ रीडर शोहिल खान को एक ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की.**

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत में भवन निर्माण सड़क नाली एवं अन्य निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है. ग्राम देनी में सीसी सड़क और नाली निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिसके चलते निर्माण कार्य कुछ ही समय में जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं.

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच सचिव और सरपंच प्रतिनिधि अवधेश पटेल की मिलीभगत से सफाई और रिपेयर के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये निकाल लिए, जबकि हकीकत यह है कि दो वर्षों से नालियों की सफाई तक नहीं हुई. गांव में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं. ग्रामीणों के अनुसार, राजस्व रिकॉर्ड में करीब 3 एकड़ भूमि मुक्तिधाम के लिए दर्ज है लेकिन मौके पर न तो चबूतरा है और न ही टीन शेड. ग्रामीणों को खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. साथ ही मुक्तिधाम की कुछ जमीन पर अवैध कब्जे की भी शिकायत की गई है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच और उनके प्रतिनिधि गांव में केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर ही नजर आते हैं.

### जांच के लिए गठित की जाए टीम

ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की जिला स्तरीय टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए अधूरे और फर्जी निर्माण कार्यों की जांच हो. दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएं. ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रमुख सचिव पंचायत विभाग, कलेक्टर रायसेन जिला पंचायत सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है. ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रामप्रकाश रघुवंशी, शिवराज, राजकुमार, सुमित और गोविंद सिंह सहित ग्राम देनी के कई ग्रामीण शामिल रहे.

## भूसे के ढेर में आग, पास खड़े दो ट्रैक्टर जले




**सिलवानी, 29 अप्रैल. नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नीगरी में बुधवार दोपहर अचानक भूसे के ढेर में भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि पास में खड़े दो ट्रैक्टर भी इसकी चपेट में आकर जल गए.जानकारी के अनुसार ग्राम नीगरी निवासी योगेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रहलाद सिंह रघुवंशी, दिनेश कुमार रघुवंशी एवं बाला प्रसाद रघुवंशी द्वारा अपने खलिहान में पशुओं के लिए भूसे का ढेर रखा गया था.**

दोपहर के समय अचानक उसमें आग लग गई. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि भूसे के पास खड़े दो ट्रैक्टर भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गए. घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी. सूचना मिलते ही नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई, अन्यथा आग आसपास के क्षेत्रों में फैल सकती थी. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है.प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

## ट्रक का शीशा तोड़कर मोबाइल, नगदी चोरी

**बेगमगंज , 29 अप्रैल.** ग्राम सुमेर के पास वैशाली वेयरहाउस के सामने खड़े ट्रॉला का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर दो मोबाइल एवं पर्स चोरी कर ले गया. ट्रक चालक शैलेंद्र दुबे ने चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है. रायसेन- राहतगढ़ सड़क निर्माण ठेकेदार का रायपुर से लोहा लेकर ड्राइवर शैलेंद्र दुबे निवासी रीवा भोजन लेने के लिए नया बस स्टैंड गया था. इस बीच किसी अज्ञात चोर द्वारा ट्रॉल का शीशा तोड़कर उसमें रखे चालक शैलेंद्र दुबे के दो मोबाइल और और पर्स ले गया. पर्स में 25 हजार नगद , ड्राइविंग लाइसेंस ,आधार कार्ड एवं पैन कार्ड रखा हुआ था.

## एसडीएम ने स्वगणना कार्य का लिया जायजा

- नागरिकों को किया जागरूक



**सिलवानी, 29 अप्रैल. जनगणना-2027 के तहत 30 अप्रैल तक स्व-गणना हेतु पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है. जिसमें क्षेत्र में अधिक से अधिक नागरिक इस अवधि में स्व-गणना पूर्ण करें, इसके लिए एसडीएम हर्षल चौधरी, नगर परिषद सीएमओ ऋषिकांत यादव सहित अधिकारियों ने नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें स्वगणना हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं.**

एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा स्वयं भी प्रतिदिन क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों और नगर में जाकर स्वगणना कार्य का जायजा लिया जा रहा है. साथ ही नागरिकों से भी चर्चा कर उन्हें मोबाईल से स्वगणना की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए स्वगणना कराई जा रही है.

एसडीएम ने नागरिकों से भी संवाद करते हुए जनगणना का महत्व बताया और स्वगणना के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि स्वगणना की प्रक्रिया मोबाइल द्वारा जानकारी दर्ज कर आसानी से पूर्ण की जा सकती है. उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जो एक आधुनिक, तकनीकी रूप से सशक्त एवं समावेशी प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

## हैंडपंप खराब होने से पानी की परेशानी

**सलामतपुर, 29 अप्रैल.** सांची विकासखंड के ग्राम अंबाड़ी में ऊपरी सड़क पर स्थित एकमात्र हैंडपंप पिछले करीब एक साल से खराब पड़ा हुआ है. ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदारों को शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में सिर्फ एक ही हैंडपंप है और नल भी तय समय के अनुसार चलते हैं. ऐसे में आपात स्थिति में हैंडपंप ही सबसे बड़ा सहारा होता है, लेकिन उसके खराब होने से स्थिति और गंभीर हो गई है. ग्रामीणों ने हैंडपंप सुधरवाने की मांग की है.

### एक नजर में




## सांची विश्वविद्यालय ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**सलामतपुर,29 अप्रैल.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम भगवन्तपुर कॉलोनी में मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. कुलसचिव प्रो.रामनिवास गुप्ता के निर्देशन में विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में 65 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. महिलाओं में बढ़ती खून की कमी (एनीमिया) की समस्या को देखते हुए, उन्हें इससे बचाव के तरीके बताए गए. डॉ. अंजलि दुबे ने खान-पान में सुधार और आयरन युक्त आहार के महत्व पर जोर दिया. ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेदिक आहार-विहार अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि वे प्राकृतिक तरीके से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकें. वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव के विशेष उपाय साझा किए गए. ग्रामीणों को पर्याप्त पानी पीने, धूप में निकलने से बचने और लू के लक्षणों को पहचानने के बारे में जागरूक किया गया. ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है. विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी गोद लिए गए गांवों में इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे.

## रायसेन में चोपड़ा तालाब की श्रमदान से हुई सफाई



**रायसेन, 29 अप्रैल.** शहर के भोपाल रोड स्थित प्राचीन चोपड़ा तालाब में बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया. .अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमुना सेन, एसडीएम मनीष शर्मा, सीएमओ सुरेखा जाटव, रानी तिवारी और अर्चना शर्मा सहित अन्य नगर पालिका कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे. सभी प्रतिभागियों ने मिलकर तालाब के किनारों और घाटों की सफाई की. इस दौरान स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया गया. यह सफाई अभियान 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का हिस्सा है, जो जिलेभर में 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है.

इस अभियान का उद्देश्य तालाबों और बावड़ियों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण को बढ़ावा देना है.

## संस्कारवान शिक्षा प्राप्त कर श्रेष्ठ नागरिक बनें

- राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा




**उदयपुरा, 29 अप्रैल. शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं स्कूल बैग वितरण समारोह संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल थे.**

राज्यमंत्री पटेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इससे आगे बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प आवश्यक है. उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत के साथ संस्कारवान शिक्षा ग्रहण कर श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश-प्रदेश की सेवा में अपना योगदान दें. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्राचार्य वंदना मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया. छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया. स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य वंदना मिश्रा ने विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. समारोह के दौरान 12वीं कक्षा के लगभग 110 तथा 10वीं कक्षा के लगभग 90 मेधावी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. इस अवसर पर इंडिया गेट लिमिटेड कंपनी द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए.

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रकाश नारायण राय ने किया. आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा एवं मदन तिवारी ने किया.समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल, जिला महामंत्री केशव सिंह पटेल, बृजेंद्र सिंह राजपूत ,मंडल अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, शिवकुमार दुबे, सुनील लोधी, रामजी पटेल, बलवान सिंह राजपूत, संजय सिंह रघुवंशी, ओंकार सिंह लोधी उपस्थित थे.

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने महिला की मौत



**बेगमगंज , 29 अप्रैल.** पुराना बस स्टैंड स्थित अनाज व्यापारी राजेश जैन राजू की पत्नी सीमा जैन ( 48) का हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से निधन हो गया. खबर फैलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई और व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान शोक स्वरूप बंद कर दिए. जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 6:00 बजे सीमा जैन छत पर गेहूं सुखाने के लिए गई थी. जैसे ही उन्होंने पॉलीथिन धोकर उसका पानी फटकारा तभी हवा में उड़कर पॉलीथिन सामने से निकली हाईटेंशन लाइन के ऊपर जाकर चिपक गई. जिससे करंट की चपेट में आने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई. छत पर किसी चीज के गिरने की तेज आवाज सुनकर मुकेश जैन के मकान में रहने वाला किराएदार राजेश यादव छत पर देखने पहुंचा तो सीमा जैन अपनी छत पर अचेत अवस्था में पड़ी हुई है. तब उन्होंने पड़ोसी राजेश जैन को इसकी सूचना दी. पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया.पुलिस जांच कर रही है.

## हाईटेंशन लाइन गिरी, 3 भैंसों की मौत



**बेगमगंज, 29 अप्रैल.** ग्राम भैंसा में बुधवार सुबह करीब 8 बजे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन भैंसों की करंट की चपेट में आ गई. ग्राम भैंसा में वीर सिंह के खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन के झूलते हुए तार निकले हैं, जो सुबह हवा चलने से अचानक टूट कर गिर गए. खेत में गांव के ही पशु पालक बलराम रजक पिता परसोत्तम रजक की तीन भैंस चर रही थी जो करंट की चपेट में आ गई, इससे उनकी मौत हो गई.-

धार्मिक आयोजन | बेगमगंज की जगदीशपुरी कॉलोनी में चल रही है रामकथा

## गौमाता की सेवा और रक्षा करना हमारा धर्म है : शास्त्री



**बेगमगंज , 29 अप्रैल. नगर की जगदीशपुरी कॉलोनी में चल रही श्रीराम कथा में पांचवे दिन पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पूरे देश में गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित किए जाने की मांग को लेकर जागरूकता और आंदोलन किए जा रहे हैं. ऐसे पुण्य कार्य में हम सभी को भी आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए और अपनी आस्था की आवाज़ को सशक्त बनाना चाहिए.**

उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा और रक्षा करना केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारा परम धर्म और सनातन संस्कृति की पहचान है. जब तक हम अपनी जड़ों और मूल्यों की रक्षा नहीं करेंगे, तब तक समाज और राष्ट्र की सच्ची उन्नति संभव नहीं है. उन्होंने रामायण के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब श्रीराम ने अवतार लिया, तब वे सामान्य बालकों की तरह रोए नहीं. तब माता कौशल्या ने उनसे प्रार्थना की कि वे बाल रूप में व्यवहार करें. यह प्रसंग हमें सिखाता है कि ईश्वर अपनी लीला से भक्तों को स्नेह और अपनत्व का अनुभव कराते हैं.जो लोग सच्चे मन से भगवान का आश्रय ग्रहण करते हैं, उनके जीवन में अशुभ का स्थान नहीं रहता. उनके साथ जो भी होता है, वह अंतत: कल्याणकारी और शुभ ही सिद्ध होता है. उन्होंने कहा कि विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व का अनुपम आभूषण है. इसके प्रभाव से व्यक्तित्व में सहज सौंदर्य और आकर्षण का संचार होता है, क्योंकि विनम्रता के माध्यम से ही हम पात्रता अर्जित करते हैं.

> शास्त्री जी ने कहा कि विनीत होकर हम ग्रहणशील बनते हैं और इसी के द्वारा दूसरों से आत्मीयता का सेतु स्थापित कर पाते हैं. भारतीय संस्कृति में प्रणाम, अभिवादन तथा बड़ों के समक्ष श्रद्धापूर्वक झुककर आशीर्वाद ग्रहण करने की परंपरा इसी विनम्रता की अभिव्यक्ति है. प्रार्थना, स्तुति, सेवा, सहायता और दान ये सभी साधन हमारे अंतर्मन के अहंकार को गलाकर उसे निर्मल बनाते हैं, जिससे हम और अधिक विनीत तथा कृतज्ञ बनते जाते है.

## रायसेन स्वगणना में प्रदेश में नंबर वन बना

- कलेक्टर ने गांव-गांव घूमकर किया प्रेरित



**रायसेन, 29 अप्रैल. स्वगणना अभियान में रायसेन जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है. जिले में 28 अप्रैल तक कुल 82,884 स्वगणनाएं दर्ज की गईं, जो राज्य में सर्वाधिक हैं. इस उपलब्धि के पीछे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा. वे बीते एक सप्ताह से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में जिले के गांवों का दौरा कर रहे थे.**

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर स्वगणना के महत्व पर चर्चा की और उन्हें प्रक्रिया समझाई.जनगणना-2027 के तहत 30 अप्रैल तक स्व-गणना के लिए पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है. कलेक्टर विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में इस कार्य को मिशन मोड में चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अवधि में अपनी स्वगणना पूरी कर सकें.

कलेक्टर ने इस सफलता का श्रेय सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, सीएमओ, अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों, प्रगणकों और नागरिकों के अथक परिश्रम व सहयोग को दिया. उन्होंने बताया कि स्वगणना कार्य की प्रगति की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है. उन्होंने सभी नागरिकों से स्वगणना करने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया बेहद सरल है और इसे मोबाइल के माध्यम से स्वयं पूरा किया जा सकता है. कलेक्टर के मार्गदर्शन में नागरिकों में स्वगणना के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ उन्हें इसकी प्रक्रिया भी समझाई जा रही है.